**आज दिनांक, 13.08.2026 (गुरूवार) को विद्यालय स्थानीय प्रबंध समिति की 35वीं बैठक आयोजित की गई।**

**समय :** अपराह्न 12:30 बजे

**स्थान :** प्राचार्य कक्ष, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।

**उपस्थिति :–** बैठक मे निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

| क्रम सं. | नाम | समिति में धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 2. | डॉ. शिशिर सौरभ, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 3. | डॉ. राजेश चंद्र गुप्ता, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 4. | प्रशासी पदाधिकारी, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 5. | श्री बैधनाथ हेम्ब्रम, लेखापाल, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 6. | श्री रामबचन रजक, प्रधान भंडारी, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |

**कार्यसूची**

1. विद्यालय में GeM के माध्यम से किए गए क्रय एवं आपूर्ति की समीक्षा एवं संपुष्टि।
2. विद्यालय के दैनिक उपयोग हेतु खाद्य सामग्रियों की वार्षिक निविदा के संबंध में विचार–विमर्श एवं निर्णय।

**कार्यवाही–**

आज दिनांक 13.08.2026 (गुरूवार) को अपराह्न 12:30 बजे प्राचार्य कक्ष, नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्राचार्य की अध्यक्षता में उपर्युक्त सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यसूची के अनुसार क्रमशः विषयों पर विचार–विमर्श प्रारंभ किया गया।

**कार्यसूची की मद संख्या – 01**

**विद्यालय में GeM के माध्यम से किए गए क्रय एवं आपूर्ति की स्थिति के संबंध में।**

प्राचार्य द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि राज्य सरकार के अपेक्षित सहयोग से विद्यालय का e-Procurement System (GeM) दिनांक–03.06.2026 से प्रभावी हो चुका है। विद्यालय द्वारा GeM के माध्यम से विहित प्रक्रिया के अंतर्गत आवश्यक सामग्रियों का क्रय प्रारंभ किया जा चुका है। इस क्रम में प्रधान भंडारी, श्री रामबचन रजक द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि GeM के माध्यम से अब तक निम्नलिखित सामग्रियों का क्रय किया गया है :–

**क. HP Laser Computer Printer**

- Model: HP Color LaserJet Pro 4203dn
- Buyer Order No-: GEMC-×××××5966
- Agency/Supplier: M/s Techmantra, Haryana
- आपूर्ति का स्थान : नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।

ख. **Acer All-in-One Computer Desktop**

- Configuration: Core i5-14500 All-in-One
- Buyer Order No-: GEMC-×××××2062
- Agency/Supplier: M/s Vaidehi System, Jaipur (Rajasthan)
- आपूर्ति का स्थान : नेतरहाट विद्यालय समिति कार्यालय, प्रोजक्ट भवन, धुर्वा, राँची।

प्रधान भंडारी द्वारा बताया गया कि उपर्युक्त दोनों उपकरणों में से HP Printer की आपूर्ति नेतरहाट स्थित विद्यालय परिसर में की गई है; जबकि Acer All-in-One Desktop की आपूर्ति समिति कार्यालय, राँची में की गई।

इस संबंध में प्रधान भंडारी द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि GeM पर नेतरहाट का Delivery Location के रूप में अंकित किए जाने पर विद्यालय का Delivery PIN Code: 835218 दर्ज होता है, जिसके आधार पर ऑनलाईन प्रणाली में डिफॉल्ट रूप से लोहरदगा का स्थान प्रदर्शित हो जाता है। इस संबंध में Supplier ने लोहरदगा के आसपास आपूर्ति की स्थिति से अवगत कराया। Supplier को जब यह बताया गया कि नेतरहाट, लोहरदगा से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, तब Supplier द्वारा भौगोलिक एवं परिवहन संबंधी परिस्थितियों को देखते हुए राँची में आपूर्ति किए जाने की इच्छा व्यक्त की गई। प्रधान भंडारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान में उपर्युक्त दोनों उपकरणों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन विद्यालय में पूर्ण हो चुका है तथा दोनों उपकरण विद्यालय के उपयोग हेतु उपलब्ध हैं।

**उक्त विषय पर उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार–विमर्श किया गया तथा प्रधान भंडारी द्वारा दी गई जानकारी को बैठक द्वारा संज्ञान में लिया गया तथा GeM के माध्यम से क्रय किए गये उपरांकित सामग्रियों की सर्वसम्मति से संपुष्टि प्रदान की गई।**

**कार्यसूची की मद संख्या–02**

**विद्यालय के दैनिक उपयोग हेतु खाद्य सामग्रियों की वार्षिक निविदा के संबंध में।**

प्रधान भंडारी द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय एक आवासीय शिक्षण संस्थान होने के कारण विद्यार्थियों के दैनिक भोजन एवं अन्य आवश्यकताओं हेतु नियमित रूप से विभिन्न खाद्य सामग्रियों, यथाः खाद्यान्न, फल, सब्जी, अंडा, दूध एवं अन्य आवश्यक विविध सामाग्रियों की आवश्यकता होती है।

इस संबंध में प्रधान भंडारी द्वारा बताया गया कि उक्त खाद्य सामग्रियों की नियमित एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु वार्षिक निविदा प्रकाशित किया जाना आवश्यक है। प्रधान भंडारी द्वारा सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि **दिनांक–04.07.2025 को सम्पन्न हुई शासी निकाय की बैठक में विद्यालय की दैनिक आवश्यकताओं, विशेषकर खाद्यान्न, फल, सब्जी, दूध आदि की आपूर्ति से संबंधित निविदा का निष्पादन पूर्ववत किए जाने का निर्णय लिया गया था।** इस क्रम में प्रधान भंडारी द्वारा यह विचार रखा गया कि आवासीय विद्यालय में विद्यार्थियों के दैनिक भोजन हेतु आवश्यक खाद्य सामग्रियों का क्रय GeM के माध्यम से किया जाना व्यावहारिक रूप से कठिन हो सकता है, क्योंकि उक्त सामग्रियों की आवश्यकता नियमित एवं समयबद्ध तरीके से होती है तथा इनमें से अनेक सामग्री शीघ्र खराब होने वाली एवं स्थानीय स्तर पर दैनिक/नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाने वाली होती हैं।

प्रधान भंडारी द्वारा यह भी बताया गया कि हाल ही में GeM के माध्यम से कंप्यूटर उपकरणों के क्रय एवं आपूर्ति के दौरान आपूर्ति/अधिष्ठापन से संबंधित कुछ व्यावहारिक कठिनाइयाँ सामने आई थीं। अतः विद्यालय की आवासीय प्रकृति, विद्यार्थियों के दैनिक आवश्यकताओं तथा विद्यालय के सुचारु एवं निर्बाध संचालन को ध्यान में रखते हुए खाद्य सामग्रियों की खरीद हेतु पूर्व से अपनाई जा रही निविदा प्रक्रिया को जारी रखना अधिक व्यवहारिक एवं छात्रहित में उचित होगा।

इस विषय पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। विचार–विमर्श के उपरांत सदस्यों का सर्वसम्मत रहा कि विद्यार्थियों के हित, खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता, नियमित एवं समयबद्ध आपूर्ति तथा विद्यालय के निर्बाध संचालन को ध्यान में रखते हुए खाद्य सामग्रियों के क्रय हेतु पूर्ववतः निर्धारित निविदा प्रक्रिया अपनाई जाना उचित होगा।

**निर्णय :–**

**<u>सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिया गया</u>।**

"विद्यालय के सुचारु संचालन एवं छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्रियों, यथा खाद्यान्न, फल, सब्जी, अंडा, दूध एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री की आपूर्ति हेतु वार्षिक निविदा प्रक्रिया पूर्ववत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनाई जाएगी। इस हेतु प्रधान भंडारी को निर्देशित किया जाता है कि प्रचलित नियमों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निविदा की प्रक्रिया यथाशीघ्र प्रारंभ करें, ताकि विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए खाद्य सामग्रियों की नियमित, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके तथा विद्यालय के दैनिक संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।"

उपर्युक्त दोनों कार्यसूची के विषयों पर विचार–विमर्श, संपुष्टि तथा समेकित निर्णय के उपरांत बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

**(श्री रामबचन रजक)**
प्रधान भंडारी,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।

**(श्री बैद्यनाथ हेम्ब्रम)**
लेखापाल,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।

**(श्री रौशन कुमार बक्शी)**
प्रशासी पदाधिकारी,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।

**(डॉ० राजेश चंद्र गुप्ता)**
शिक्षक,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।

**(डॉ० शिशिर सौरभ)**
शिक्षक,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।

**(श्री संतोष कुमार)**
प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,
सह अध्यक्ष,
स्थानीय प्रबंधन समिति।